एग्री आर्टिकल्स
(कृषि लेखों के लिए ई-पत्रिका)
वर्ष: 02, अंक: 02 (मार्च-अप्रैल, 2022)
www.agriarticles.com पर ऑनलाइन उपलब्ध
© एग्री आर्टिकल्स, आई. एस. एस. एन.: 2582-9882

# किसान कॉल सेंटर (KCC)

(*मांगी लाल जाट[1] एवं अमित स्वामी[2])
[1]सहायक आचार्य, कृषि प्रसार शिक्षा विभाग, एपेक्स कृषि महाविद्यालय, चाईया, हनुमानगढ़
[2]कृषि व्यवसाय प्रबंधन संस्थान, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर (मध्यप्रदेश)
*mangilalgodara9546@gmail.com

कृषि और सहकारिता विभाग, कृषि मंत्रालय, भारत सरकार ने एक नया किसान कॉल सेंटर नंबर शुरू किया है। 21 जनवरी 2004 को भारत में किसानों के कल्याण के लिए कृषि योजना शुरू की गई थी जिसके तहत एक किसान कॉल सेंटर खोला गया है। इस कॉल सेंटर के टोल फ्री नंबर पर कॉल करके किसान कृषि संबंधित सहायता प्राप्त कर सकते हैं एवं जानकारी ले सकते हैं। पहले Kisan Call Centre Number के लिए सरकार ने **1551** टोल फ्री नंबर जारी किया था। कोई भी व्यक्ति अपने बीएसएनएल लैंडलाइन फोन के द्वारा इस नंबर पर कॉल करके सहायता प्राप्त कर सकता था।

अब सरकार ने एक नई घोषणा में किसान कॉल सेंटर के लिए देशभर में 11 अंकों का एक नया टोल फ्री नंबर आवंटित किया है, यह नंबर है: **1800 180 1551** । कोई भी किसान इस टोल फ्री नंबर पर कॉल करके किसी भी भाषा में अपना प्रश्न पूछ कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं । यह 11 अंकों का किसान कॉल सेंटर हेल्पलाइन नंबर सभी लैंडलाइन फोन और मोबाइल फोन के लिए उपलब्ध है इसलिए जो भी किसान भाई किसान कॉल सेंटर पर कॉल कर कर सहायता लेना चाहते हैं वह नंबर पर कॉल कर कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

किसान कॉल सेंटर एजेंट स्तर 1 एजेंट के रूप में जाना जाता है । यह एजेंट कृषि में या उससे संबंधित (बागवानी, पशुपालन, मत्स्य पालन, कुक्कुट, मधुमक्खी पालन, रेशम उत्पादन, कृषि अभियांत्रिकी, कृषि विपणन, जैव प्रौद्योगिकी, गृह विज्ञान) स्नातक या पी जी और डॉक्टरेट हैं । यह एजेंट स्थानीय भाषा में उत्कृष्ट होते है।

## किसान कॉल सेंटर नंबर

भारत सरकार ने किसानों के लिए किसान कॉल सेंटर की शुरुआत की है। किसान कॉल सेंटर नंबर पर कॉल कर कर किसान अपनी समस्या व कृषि संबंधित जानकारी व सहायता प्राप्त कर सकते हैं। कोई समस्या आने पर किसान कॉल सेंटर पर कॉल कर कर किसान अपने शिकायत भी दर्ज करा सकते हैं। किसान कॉल सेंटर हेल्पलाइन नंबर एक ऐसी कस्टमर केयर सर्विस है जो भारत के सभी किसानों के लिए मुफ्त में सहायता प्रदान करने का केंद्र है।

इन किसान कॉल सेंटर हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर, किसान ना केवल अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं बल्कि खेती संबंधी पशुपालन संबंधी एवं डेयरी संबंधित कार्यों की जानकारी के लिए भी इस नंबर पर कॉल कर सकते हैं। किसान अपनी शिकायत ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से भी दर्ज कर सकते हैं और

इस पोर्टल के माध्यम से भी सरकार द्वारा जारी की गई कृषि संबंधित नई योजनाओं के बारे में जानकारी भी ले सकते हैं।

आज हम यहां आपको अपने इस लेख में Kisan Call Centre Number से संबंधित सभी जानकारी जैसे इनके हेल्पलाइन नंबर, SMS सुविधा एवं अन्य सभी जानकारी साझा करने जा रही है। इसलिए यदि आप भी किसान भाई हैं तो हमारे इस लेख को अंत तक ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह लेख आपके लिए शत प्रतिशत लाभकारी रहेगा।

**किसान कॉल सेंटर का समय एवं भाषाएं**

आप सुबह 6:00 बजे से रात को 10:00 बजे तक किसान कॉल सेंटर हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करके सहायता प्राप्त कर सकते हैं। यह कॉल सेंटर हफ्ते के सभी 7 दिन खोला जाता है इसलिए आप किसी भी दिन दिए गए समय पर कॉल करके सहायता प्राप्त कर सकते हैं। किसान कॉल सेंटर के कस्टमर एग्जीक्यूटिव 22 स्थानीय भाषाओं में आपसे बात कर सकते हैं। आपको इन 22 में से अपनी भाषा का चुनाव करना होगा और फिर किसान कॉल सेंटर में आपके सभी सवालों के जवाब उसी भाषा में दिए जाएंगे । किसान कॉल सेंटर को एजेंट एफडीए के रूप में जाना जाता है जहां एफडीए का अर्थ है मुफ्त व्यापार समझौते।

**किसान कॉल सेंटर हेल्पलाइन नंबर मुख्य तथ्य**

- देशभर के सभी राज्यों केंद्र शासित प्रदेशों को मिलाकर पूरे 21 किसान कॉल सेंटर अलग-अलग स्थानों पर मौजूद हैं।
- कोई भी किसान सप्ताह के किसी भी दिन सुबह 6:00 बजे से लेकर रात के 10:00 बजे के बीच किसी भी समय किसान कॉल सेंटर नंबर पर कॉल कर सकता है।
- आप Kisan Call Centre Number पर कॉल करके कृषि से संबंधित विभिन्न प्रकार के प्रश्न पूछ सकते हैं।
- यदि किसानों को फसलों एवं बीज संबंधी किसी समस्या का सामना करना पड़ रहा है तो वह इसके लिए भी इस कॉल सेंटर से सहायता प्राप्त कर सकते हैं।
- किसान कॉल सेंटर पर आपको उन सभी विशेष उर्वरकों के बारे में जानकारी दी जाएगी जो आपकी उस निश्चित फसल को लगाने के लिए उपयोगी हैं।
- किसान कॉल सेंटर पर आपको कीटनाशकों, बागवानी, पशु चिकित्सा एवं कृषि जींस कीमतों के बारे में मुफ्त में समझाया जाएगा|
- किसान कॉल सेंटर के लोग कम कीमत के साथ विशेष फसलों को लगाने के लिए उपयुक्त कीटनाशकों के बारे में जानकारी भी देंगे।
- किसान कॉल सेंटर का उपयोग करके, किसान खुश होंगे क्योंकि वे किसान कॉल सेंटर एजेंटों की मदद मुफ्त में ले सकते हैं।
- किसान कॉल सेंटर एजेंटों को एफटीए (मुक्त व्यापार समझौते) के रूप में जाना जाता है।
- किसान कॉल सेंटर एजेंटों को कृषि और बागवानी, पशुपालन, मत्स्य पालन, मुर्गी पालन, एक्काकल्चर, कृषि इंजीनियरिंग जैसे संबद्ध क्षेत्रों में स्नातकोत्तर या डॉक्टरेट से ऊपर होना चाहिए
- किसान कॉल सेंटर विभिन्न तकनीकी विकल्पों की जांच करता है और यह प्रक्रिया लागत अनुमान के बारे में मोडलिटी की भी जांच करता है।

**किसान कॉल सेंटर ऑनलाइन पोर्टल**

- किसान कॉल सेंटर ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से भी किसानों को कृषि संबंधी जानकारी देता है।
- जो लोग KCC में लॉगिन करना चाहते हैं, उनके पास यूजर आईडी या ईमेल आईडी होना चाहिए।

- उन्हें मेल आईडी डालने के बाद पासवर्ड डालना होता है।
- दिए गए कॉलम में उस कोड को दर्ज करने के लिए होम स्क्रीन पर एक इमेज कोड प्रदर्शित किया जाएगा फिर वे लॉगिन बटन पर क्लिक करें।
- यदि उपयोगकर्ता पासवर्ड भूल जाते हैं, तो उन्हें पासवर्ड भूल जाने पर क्लिक करना होगा।
- यदि यह उपयोगकर्ता के लिए नया पंजीकरण है, तो उसे नए पंजीकरण बटन पर क्लिक करना होगा।